अमर उजाला 09/11/2024

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कैथल की टीम प्रथम

जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागी। कॉलेज

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में जोनल स्तरीय विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता करवाई गई।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त एवं कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कुलदीप यादव के निर्देशन में प्रतियोगिता करवाई गई। कार्यक्रम में राजकीय कॉलेज भिवानी से आए प्रो. रवि कांत ने क्विज मास्टर की अहम भूमिका बखूबी निभाई। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के तौर पर हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी से वैज्ञानिक डॉ. राहुल तनेजा ने शिरकत की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मंच से मुख्य अतिथि का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ. राहुल तनेजा ने कहा कि साइंस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता विज्ञान और प्रौद्योगिकी से जुड़ी जानकारी हासिल करने का एक बेहतरीन तरीका है और साथ ही विज्ञान की मूल अवधारणाओं को समझने में मदद मिलती है।